एक तेरा नाम है साचा

Ek tera naam hai sacha

एक तेरा नाम है साचा
हो..एक तेरा नाम है साचा
मन में लिया रे बाचा
बस नाम तेरा माँ हो
एक पहचान मेरी तू ही
जींद जान मेरी तू ही
जहाँ मेरा माँ

हो.. तुझ पे वार ना, सौ वारी जान मैं
तुझ पे वार ना, सौ वारी जान मैं
तेरे क़ुर्बान मेरी माँ..

वन्दे.. मातरम, वन्दे.. मातरम
वन्दे.. मातरम, वन्दे.. मातरम

PDF By: RojgarMetro.Com

आ गयी घड़ी है, देखो सबसे बड़ी
मुझसे बस दो क़दम पे, देखो जीत खड़ी
हाँ मुझे कब से इंतज़ार था
आज की शाम का
अब देखो क्या करता है ये बंदा हिंदुस्तान का
जो किसी के भी आगे झुका नहीं
हाँ मैं हूँ उस देश का
तू बैठ के ले नज़ारा
स्क्रैबल और बेस का
सीधा चलूँ या चलूँ ढ़ाई ढ़ाई चाल में
खेल मेरा होगा येह देख लम्बी रेस का

मिट्टी का क़र्ज़ है, मैं मर के भी चुकाऊंगा
तुझे मिट्टी कर दूंगा
या फिर में मिट्टी में मिल जाऊंगा
जो भी कहा था, वो मैं करके दिखाऊंगा
इंडिया से हूँ, खाली हाथ नहीं जाऊंगा

PDF By: RojgarMetro.Com

मैं जाम के पकड़ झाड़ दूंगा
तुझको मैं उखाड़ दूंगा
जहाँ से तू आया है ना
वहीं तुझे गाड़ दूंगा
तेरी ही ज़मीन पे आज
तुझे ही पछाड़ दूंगा
झंडा इंडिया का बड़े, गाड़ दूंगा

जीतूं या हारूँ, मुझे कोई परवाह नहीं
तुमको मैं दिखाऊं, मुझे कोई परवाह नहीं
माँ ही मेरा रब है मेरी
माँ ही मेरा पीर मेरी
माँ के पैरों के अलावा, कोई दरगाह नहीं

नाचूँगा नाचूँगा मुझको फितूर है
नाचूँगा नाचूँगा दिल मजबूर है
आज की शाम मेरी माँ के है नाम
मेरी माँ मुझे देखेगी, नाचना ज़रूर है
जीतूं या हारूँ मुझे नाचना ज़रूर है
मेरी माँ मुझे देखेगी, नाचना ज़रूर है
नाचना ज़रूर है, मुझे नाचना ज़रूर है
माँ मेरी मुझे देखेगी, नाचना ज़रूर है

PDF By: RojgarMetro.Com

रंग केसर सूरा वालिया
रंग सब्ज खिली फुलकारियां
हो रंग छिट्टानी नियत साफ दा
हो रंग तीनों जान से प्यारेया
रंग तीनों जान से प्यारेया

रंग मेरी माई का,
रंग सच्चाई का, हर अच्छाई का है माँ

रंग तेरी रीत का, रंग तेरी पीत का
रंग तेरी जीत का ही छाए छाए

कैसे मैं छुपावॉ, तेरा एहसान
माई तेरी चुनरिया लहराए

जब तक मुझ में है ज़रा सी जान
माई तेरी चुनरिया लहराए

इक तेरा नाम है सच्चा हो ..

वन्दे मातरम, वन्दे मातरम
वन्दे मातरम, वन्दे मातरम

PDF By: RojgarMetro.Com